एक नजर में

## ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई , 72 हजार वसूले




**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में जांच दल द्वारा चापड़ा एवं बीझवाड़ में ओवरलोड वाहनों पर जांच अभियान चलाया गया, जिसमें तय सीमा से अधिक वजन लेकर ओवरलोडिंग करने वाले डंपरों पर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 07 वाहन में तय सीमा से अधिक भार ले जाते हुए पाए गए, जिन पर ओवरलोडिंग की कार्यवाही करते हुए 72 हजार का समन शुल्क वसूला गया। कार्यवाही में जांच के दौरान एक यात्री बस परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए गई। जिस पर कार्यवाही करते हुई 15 हजार हजार का चालान किया।

## मुक्तिधाम पर किया वृक्षारोपण

**देवास।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम परिसर पुनर्वास स्थल सतवास में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सीएससी एलडीपी के परामर्शदाता दिपक सोनेर एवं अन्य सभी सदस्यों ने पौधे लगाए।

## पं .प्रणय व्यास प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**देवास।** मध्य प्रदेश प्रांतीय सभा के अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ओर राष्ट्रीय महा सचिव प्रमोद व्यास की अनुशंसा से मध्य प्रदेश प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण



युवक संघ के अध्यक्ष निखिल तिवारी ने देवास के कर्मठ समाज सेवी तथा सर्व ब्राम्हण युवासंघ के जिला उपाध्यक्ष को पं. प्रणय व्यास को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। व्यास के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा, अशोक उपाध्याय, विनोद शर्मा, महेश व्यास, अखिलेश व्यास, अखिलेश दुबे, वासु शर्मा ओर कई समाज बंधुओं ने बधाई प्रेषित की।

## मालवा कबीर महोत्सव आज

**देवास।** नागेश्वर संगीत कला संस्कृति एवं साहित्य समिति के तत्वावधान में 13 दिसंबर की शाम 5 .30 बजे मल्हार स्मृति मंदिर देवास में मालवा कबीर महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई ख्याति मान कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस शुभ अवसर पर इस वर्ष प्रसार भारती (आकाशवाणी) से स्वर परीक्षण हुए कलाकारों का सम्मान भी अतिथियों व समिति पदाधिकारियों द्वारा किया जावेगा। समिति सदस्यों ने शहर वासियों व संगीत रसिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

## परिहार के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड कर सेवाएं देने वाले ग्राम बिजवाड़ जिला देवास निवासी जीवन परिहार का



दुखहर निधन हो गया। श्री परिहार लंबे समय से अस्वस्थ थे। श्री परिहार ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद में जुड़कर के कई समाज सेवा के कार्य कियेष्ट्र श्री परिहार के निधन पर क्षेत्रीय विधायक पंडित, आशीष शर्मा, बागली विधायक मुरली भंवरा, मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू, भारतीय किसान संघ के अतुल महेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश जमरे, ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नीरज द्विवेदी, राजेंद्र पंचोली, दिनेश पंचोली, संतोष धाकड़, हरिओम कर्मा, सरपंच लखन लाल उईकै पलासी ,सुनील बावरा, रामभरोस जायसवाल, विक्रम सिंह गोड़, लोकेंद्र दरबार, धर्मेंद्र जायसवाल, पवन अकोतिया, घनश्याम पटेल, दिनेश आशापुरे, सतीश जायसवाल, मुकेश पटेल, अखिलेश पटेल पंचोली, मनोज जामुनिया, आनंद हिंदू, अरुण बड़ोनिया, बबलू जायसवाल, पवन बिजवा, संतोष बिजवा, त्रिलोक पटेल, महेंद्र जाट आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

## नेशनल लोक अदालत आज

**देवास।** 13 दिसम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे नगर निगम द्वारा संपत्तिकर व जलकर के बकाया करदाताओं को अपने करों को जमा कराने पर सरचार्ज (अधिभार) मे नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। नेशनल लोक अदालत के दिवस करदाताओं को अपने बकाया करों को जमा कराये जाने की सुविधाओं हेतु निगम कार्यालय सहित निगम के झोन कार्यालय जवाहर चौक तथा उज्जैन रोड बस स्टेण्ड व न्यायालय परिसर मे शिविर आयोजित किये जावेगें। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय मे विशेष काउंटर लगाये गये हैं। इन काउंटरों पर तैनात सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कर भरने की सुविधा के साथ करों की जानकारी भी दी जावेगी। निगम कार्यालय मे लोक अदालत के दिवस नागरिकों को बैठने व पीने के पानी का सुविधा रहेगी। निगम मे नेशनल लोक अदालत के दिवस करों को जमा कराने का समय सुबह 9 बजे से कार्य समप्ति तक तथा न्यायालय परिसर मे प्रात: 10 बजे से सांय 5 .30 बजे तक रहेगा। नागरिकों से अपील है कि नेशनल लोक अदालत मे अपने भवन भूमि के संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कर सरचार्ज (अधिभार) मे नियमानुसार दी जा रही छूट का लाभ अवश्य उठावें।

## 15 दिनों में अपहृत नाबालिग बालिका को उत्तरप्रदेश से ढूंढा



**कांटाफोड़।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा समस्त थानो को लंबे समय से अपहृत नाबालिग बालक/बालिका को मिशन स्तर पर कर्तव्यरीन रहकर ढूढने हेतु निर्देशित किया है ।इसी क्रम में थाना कांटाफोड के अपराध क्रमांक 400/2025 धारा 137(2) *BNS* की नाबालिग बालिका विगत 15 दिनों से लापता थी ।जिस पर अतिरिक ?त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी कांटाफोड सुरेखा निमोदा के नेतृत्व मे पुलिस टीम लगातार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर कर्तव्यरथ थी ।पुलिस को अहम सूचना प्राप्त हुई कि उक्त नाबालिग बालिका को ललितपुर उत्तरप्रदेश में देखा गया है ।जिस पर तत्काल पुलिस के द्वारा विशेष टीम को रवाना किया गया है। उक्त टीम के द्वारा नाबालिग बालिका को ललितपुर उत्तरप्रदेश से सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रकरण मे नाबालिग बालिका द्वारा दिये गये पुलिस कथन एवं माननीय न्यायालय के समक्ष बतलाये गये साक्ष्यो के आधार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त समस्त कार्यवाही में गठित टीम में थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा , उपनिरीक्षक विनय सिह बघेल प्रधान आरक्षक सुनील गोफ़निया आरक्षक प्रकाश सोलंकी प्रधान आरक्षक सचिन (सायबर सेल देवास)की सराहनीय भूमिका रही ।

# प्रभात फेरी में नगर भ्रमण पर निकले श्री खेड़ापति हनुमान



### 21,000 लड्डुओं का भव्य महाभोग लगाया

**देवास।** हनुमान अष्टमी के अवसर पर शुक्रवार प्रात: शहर भक्ति में डूबा नजर आया। तडके 5 बजे एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से पारंपरिक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जैसे ही रथ में सवार भगवान खेड़ापति नगर भ्रमण पर निकले, पूरा मार्ग जयकारों और भजनों से गूंज उठा। भक्तों ने भक्ति संगीत पर नाचते-गाते पूरे शहर में दिव्य वातावरण बना दिया। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और लोगों ने भगवान के दर्शन के लिए सडक़ किनारे कतारें लगाई। प्रभात फेरी एमजी रोड से होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और बाद में मंदिर परिसर में लौटकर समाप्त हुई।

यह आयोजन खेड़ापति रामायण मंडल कई वर्षों से करता आ रहा है, और इस बार भी दूर-दूर से आए भक्तों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिससे मंदिर का वातावरण रात में और भी मनमोहक नजर आएगा। दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें भक्तों की भारी भीड़ उमडी। इस वर्ष भगवान का विशेष, अलौकिक श्रृंगार किया गया है। खास बात यह है कि बाबा को 21,000 लड्डुओं का भव्य महाभोग लगाया गया।

## ऊँ श्री सद्गुरु खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर किया फरियाली खिचड़ी का वितरण

**देवास।** हनुमान अष्टमी पर विशेष पूजन पाठ के साथ आध्यात्मिक आयोजन की अनूठी परंपरा देवास के मुक्ति धाम रोड़ पर स्थित श्री रामकृष्ण व्यायामशाला के आध्यात्मिक परिसर में हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। इस वर्ष 12 दिसंबर शुक्रवार को रुद्र अवतार की अष्टमी का होना भक्तों के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रात: 5 बजे हनुमानजी का भव्य श्रृंगार काम्या सिंदूर से रक्षित सोनी द्वारा किया गया। प्रात: 8 बजे सर्व कार्य सिद्धि हेतु यज्ञाचार्य रक्षित सोनी के आचार्यत्व में पंचमुखी हनुमान महायज्ञ किया गया यज्ञ के जजमान नंददास, चतुर्भुज शर्मा, सोनू सोनी, सूरज जाट, उज्जवल जोशी, शैलेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. रवि चौधरी थे। प्रात: 11 बजे छप्पन भोग लगाया गया। प्रात: 11.15 बजे सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। प्रात 11.30 बजे महाआरती मुख्य अतिथि विश्वहिंदू परिषद के संगठन मंत्री नंददास, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, ओम जोशी, देवेन्द्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, मधु शर्मा, विनिता व्यास के सानिध्य में सम्पन्न हुई इसके पश्चात खिचड़ी का भंडारा प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में नितेश वर्मा, चितवन जोशी, प्रेमनारायण तिवारी, कैलाश चावड़ा, कैलाश श्रीवास्तव, राजेन्द्र राठौर, बाबू, राजेन्द्र परिहार मुन्ना भैया, कुलदीप दुबे, करण शर्मा, हनी जाट, अमन शर्मा, नागेश यादव, राहिल धारीवाल, गुड्डु चौरसिया, विजय कहार, उमेश माली, साहिल हरोड़े, सुमित राठौर, निर्मल दवे, कान्हा, चिराग, प्रियांश, आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के प्रारंभिक मैच में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**देवास।** 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रारंभिक मैच शुरू हुए। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होगी। शुक्रवार के प्रारंभिक मैच में अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई ने महाराष्ट्र को तीन एक से , पंजाब में बिहार को तीन शून्य से, गुजरात ने जम्मू कश्मीर को तीन एक से, मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु को तीन एक से, पराजित किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में पंजाब ने गुजरात को तीन शून्य से, मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को तीन एक से, तमिलनाडु ने बिहार को तीन शून्य से, तथा सीबीएसई ने आंध्र प्रदेशको तीन एक से पराजित किया। अंडर 17 बालक वर्ग में मध्य प्रदेश ने दिल्ली को तीन शून्य से, गुजरात ने पंजाब को तीन एक से, महाराष्ट्र में सीबीएसई को तीन शून्य से, तथा छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को तीन एक से पराजित किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को तीन एक से, सीबीएसई ने आंध्र प्रदेश को तीन एक से, पंजाब ने मध्य प्रदेश को तीन शून्य से, गुजरात में छत्तीसगढ़ को तीन एक से पराजित किया। अंडर-19 बालक वर्ग में मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु को तीन शून्य से, महाराष्ट्र ने बिहार को तीन एक से, पंजाब ने गुजरात को तीन शून्य से, तथा सीबीएसई ने दिल्ली को तीन शून्य से पराजित किया। मैच संपन्न करवाने में गौरव कदम, प्रीति पवार, अभिषेक परिहार, मिथुन तिवारी, रमेश सिंह, प्रिंस कुमार, अमरेश, ऑफिशियल्स का योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीम के 500 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल हो रहे है। प्रतियोगिता के मैच स्पोर्ट्स पार्क टाटा चौराहा, पुलिस लाइन ,एवं पायोनियर पब्लिक स्कूल में खेले जा रहे हैं।

## 47 वें सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप के लिए खिलाड़ी पश्चिम बंगाल रवाना



**देवास।** जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज राजानी ने बताया कि पश्चिम बंगाल सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा दत्तापुलिया में आयोजित 47 वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व देवास से रागिनी चौहान एवं मानसी राठौर करेंगी।

यह दोनों खिलाड़ी पिछले 10 दिनों से इंदौर में मध्य प्रदेश सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही थी आज शुक्रवार को रवाना हुई है।

इनकी इस उपलब्धि पर अनिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रेमनाथ तिवारी, शिवनारायण टांडी, योगेश द्विवेदी, मनीष सोलंकी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, निरंजन यादव, पवन यादव, पावन पाटिल, अरुण कुशवंशी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस एनसीएमएसएपी में केबिनेट मंत्री एवं देश- विदेश के डॉक्टर हुए शामिल

### एमरजेंसी आईसीयू का शुभारम्भ किया



**देवास।** डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड रीहैबिलिटेशन साइंसेज़, अमलतास यूनिवर्सिटी, देवास द्वारा आयोजित एनसीएमएसएपी 2025 सेकंड मिड टर्म नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ सोसायटी फॉर एडिक्शन साइकोलॉजी का शुभारम्भ सफलता पूर्वक किया गया शुभारम्भ में मुख्य अतिथि केबिनट मंत्री तुलसीराम सिलावट , प्रो एम्स दिल्ली ,डॉ. प्रभु दयाल , डॉ. जी.एस. कलोइया , डॉ. नवीन ग्लोवर , डॉ, सिद्धार्थ सरकार , डॉ. रणजीत पिल्लाई , डॉ. विजया सकपाल , डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा डॉ. एसए बासिर, डॉ. सचिन जैन, डॉ. एम.एस. विंसी डॉ. स्वेता भोस्कर डॉ. अमृता पेन एवं देश-विदेश के विशेषज्ञ ने भाग लिया । इस राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञ द्वारा मुख्य विषय एडिक्शन के कॉग्निटिव, क्लीनिकल एवं साइको-न्यूरोलॉजिकल पहलू रखा गया है। चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया द्वारा मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया गया साथ ही मंत्री द्वारा बताया गया कि अमलतास विश्वविध्यालय द्वारा आयोजित इस राष्ट्रिय कांफ्रेंस नशे और व्यसन से संबंधित समस्याओं को समझने और समाधान खोजने के लिए सहयोगात्मक तथा बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा । में देश विदेश से आये सभी विशेषज्ञों का हार्दिक अभिनंदन करता हु । जो आज का गंभीर विषय है युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाना इस पवित्र काम के लिए अमलतास ने अच्छा काम किया है नशे की बीमारी से पूरा समाज पूरा परिवार बर्बाद हो रहा है । इस सम्मलेन में चिंतन, विचार विमर्श युवाओं में नींव का पत्थर साबित होगा ।साथ ही मंत्री द्वारा हायटेक एमरजेंसी आईसीयू का शुभारम्भ किया गया। डॉ. प्रभुदयाल द्वारा बताया गया कि आज युवाओं में नशे की समस्या पारंपरिक मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि गेमिंग, सोशल मीडिया, ऑनलाइन जुआ जैसे व्यवहारिक एडिक्शन भी गंभीर चुनौतियाँ बन चुके हैं। यह स्थिति न केवल युवाओं को बल्कि परिवारों, समाज और समुदायों को प्रभावित कर रही है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन अमलतास विश्वविध्यालय के कुलगुरु डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े , डीन डॉ. ए.के. पिठवा, डॉ. प्रशांत , डॉ. समीर देसाई , डॉ. आशुतोष भटेले एवं चेयरमैन महोदय के नेतृत्व में इस कांफ्रेंस का प्रयोजन डॉ. अभय गुप्ता ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन , डॉ. भारती लाहोरिया , ऑर्गनाइजिंग सेक्ट्री एवं डॉ. संगीता तिवारी , एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

अमलतास विश्वविद्यालय के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की आज अंतराष्ट्रीय कांफ्रेस में देश-विदेश से पधारे सभी विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आपके ज्ञान, अनुभव और विचार-विमर्श से प्राप्त निष्कर्ष एडिक्शन के क्षेत्र में भविष्य की नीतियों और हस्तक्षेपों के लिए निश्चित रूप से एक नई दिशा प्रदान करेंगे।

## बीमा रोड एवं गजरा गियर्स रोड से बीएनपी गेट तक के मार्ग के निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति

**देवास।** प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा शहर के विकास मे विधायकों से मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के अन्तर्गत 15 करोड की लागत के प्रस्ताव चाहे जाने पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की शासन द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

जिसमे शहर के दो प्रमुख मार्गो मे स्थानीय बीमा रोड एवं गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट के मार्ग के सम्पूर्ण कायाकल्प की योजना को शासन द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त जानकारी महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा देते हुये दोनो मार्गो के नव निर्माण की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये बताया कि नगर निगम द्वारा यातायात की दृष्टि से सुगम बनाने हेतु देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के माध्यम से बीमा रोड के कायाकल्प हेतु 8.9 करोड के प्रस्ताव राज्य शासन प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन को प्रस्तुत किया गया था। जिसकी सैद्धांतिक स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है। इस मार्ग मे बीमा चौराहे से कर्मदीप स्कुल तक के मार्ग का चौडीकरण, मार्ग निर्माण एवं सुरक्षित आवागमन हेतु मार्ग विभाजक, स्ट्राम वाटर, ड्रेन, स्ट्रीट लाईट, पाथ-वे निर्माण कार्य होगा।

महापौर ने शहर के एक अन्य प्रमुख मार्ग जिस पर यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। जिसमे गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक के मार्ग के चौडीकरण, मार्ग विभाजक, स्ट्राम वाटर, ड्रेन, स्ट्रीट लाईट, पाथ-वे निर्माण हेतु राशि रूपये 4.94 करोड की सैद्धांतिक स्वीकृति अधिक्षण यंत्री नगरीय प्रशासन विकास उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा प्रदान की गई है। महापौर ने आगे बताया कि स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात शीघ्र ही इन दोनो कार्यो की निविदा जारी की जावेगी।

## श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में त्रिदिवसीय महोत्सव आज से

### पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पौष दशमी पर होगा विशेष आयोजन

**देवास।** जैन जगत के 23 वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पौष दशमी महोत्सव संपूर्ण भारत भर में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है । इसी के अंतर्गत श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर 13 से 15 दिसम्बर तक त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत अठम तप तेले, एकासने , पूजन अनुष्ठान , कुमारपाल महाराजा की आरती एवं भक्ति भावना का आयोजन होगा । जिसमें तपस्वी तीन दिन तक लगातार गर्म जल आधारित उपवास तेला करेंगे। पौष दशमी दिवस 14 दिसम्बर रविवार को सुबह 7.15 बजे प्रभु का जन्माभिषेक, 8.30 बजे श्री पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजन का संगीतमय अनुष्ठान पार्श्वनाथ म्यूजिकल ग्रुप एवं नवयुवक मंडल द्वारा संपन्न होगा। पूजन पश्चात सकल श्री संघ के स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा। इसी दिन रात्रि 7.30 बजे कुमारपाल महाराजा की महाआरती एवं सुंदर सजीले दीपक से हर भक्त द्वारा आरती का सुंदर प्रतिवेदन किया जावेगा। तत्पश्चात रंगारंग भक्ति भावना एवं नृत्य , गीत , संगीत का आयोजन होगा। तीन दिवसीय विभिन्न एकासने का आयोजन होगा । जिसके अंतर्गत 13 दिसम्बर को मिश्री पानी एकासना, 14 दिसम्बर को संपूर्ण तथा खीर एवं 15 दिसम्बर को संपूर्ण एकासना होगा। बड़ी संख्या में तपस्वी तपश्चर्या करेंगे 16 दिसम्बर को सुबह 8.15 बजे अठ्ठम तप तेले के तपस्वियों का पारणा एवं बहुमान का विशेष कार्यक्रम होगा। ट्रस्ट मंडल पदाधिकारी विलास चौधरी, अशोक जैन मामाजी, शैलेन्द्र चौधरी, अतुल जैन, भरत चौधरी, राकेश तरवेचा, दीपक जैन , गौरव जैन भोमियाजी, अजय मूणत , सुधीर जैन, अनूप शेखावत , मनोज कटारिया , अंकित जैन, संतोष सेठिया, राजेंद्र जैन गौतमपुरा, सुशील कुमार बम, अशोक जैन आदि ने सभी श्रद्धालुओं से प्रभु जन्मोत्सव के कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया है।

एक नजर

प्रशिक्षण में लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

## महिला सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए क्षमता वर्धन कार्यशाला



**देवास।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था ष्हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट ( हाईफीड) द्वारा गुरूवार 11 दिसम्बर को मल्हार स्मृति मंदिर सभाग्रह में महिला सफ़ाई मित्र हेतु एक दिवसीयष् स्वच्छता कार्य के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सावधानियां विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बेस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि अजय पडियार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत हाईफीड संस्था के ट्रेनर शक्तिवर्धन धरनी, संदीप सोनी द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सफाई मित्रों को स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए उनके दैनिक कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई जिसमें हाथों की सफाई, तन मन की सफ़ाई रखना बताया गया, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सावधानी के प्रति सफाई मित्रों को समझाया गया। सामाजिक सुरक्षा, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, की जानकारी, एक्सीडेंट रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल की जानकारी, अपने सुरक्षा अधिकार के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक योजनाओं के बारे में समझाया गया एवं सुरक्षा उपकरण पीपीई किट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था की ओर से विषय विशेषज्ञ शक्तिवर्धन धरणी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त आरती खेडेकर, संस्था प्रतिनिधी दर्पण चौबे, संदीप सोनी, देवास केपीएमजी से खिलेश नारायण, स्वच्छ भारत मिशन से विशाल जोशी आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मंच संचालन अरुण तोमर द्वारा किया गया।

## प्रा स्वा, केंद्र चौबाराधीरा में दो माह से प्रसव वाली महिलाओं को भोजन नसीब नहीं हो रहा

**टोकखुर्द।** शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबाराधीरा हॉस्पिटल मे एडमिट प्रसव डिलीवरी महिलाओं को विगत दो माह से। नाश्ता,भोजन नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रसव डिलीवरी महिलाओं के परिजनों को दूर दराज अपने अपने गांव घर से दूध,थूली,रोटी लाना पड़ रही है। संबंधित विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण प्रसव डिलीवरी महिलाओं को परेशानी का सामना भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में शासन की जनसुनवाई मे टोंक खुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना को भी स्वास्थ्य विभाग की अनियमिताओं के बारे मे समस्या वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा सहित लोगों ने समस्या को अवगत करवाई गई। सक्सेना ने तत्काल ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जनसुनवाई में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए लेकिन संबंधित विभाग कोई किसी प्रकार से ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच भगवान सिंह चौहान ने भी स्वास्थ्य विभाग का ओचक निरीक्षण किया जहां पर अनियमितता सामने आई। इस स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लगभग 25 गांव लगते हैं। सरपंच भगवान सिंह चौहान,टोंक खुर्द जनपद प्रतिनिधि दिलीप मालवीय,वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा,मोकम सिंह गोहिल,राम सिंह कुशवाह सहित कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की समस्या को हल करें।